# सहायक आचार्य सीधी भर्ती लिखित परीक्षा – 2021

## अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

**(Important instruction for Candidates)**

## प्रवेश पत्र डाउनलोड प्रक्रिया

1. सहायक आचार्य सीधी भर्ती लिखित परीक्षा – 2021के प्रवेश–पत्र अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन डाउनलोड किये जायेंगे।
2. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों के पास प्रवेश–पत्र एवं एक वैध फोटो परिचय पत्र(Photo ID) होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटोग्राफ लाना आनिवार्य है जिसे जॉच पत्रक में निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी द्वारा चस्पा किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vbspu.ac.in पर जाकर https://vbspurecruitment.in/Admit_card_login.aspx लिंक से डाउनलोड कर सकेंगे।

## परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

1. परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न करायी जायेगी ।
2. लिखित परीक्षा की समय सारणी एवं पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
3. लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों को कुल 01 घंटे में 40 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगें। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा, इस प्रकार लिखित परीक्षा कुल 40 अंकों की होगी। **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक तिहाई श्रृणात्मक अंक दिये जायेगें।**
4. अभ्यर्थियों को ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट पूर्व एवं प्रश्न पुस्तिकाएं 05 मिनट पूर्व वितरित की जायेगी तथा अभ्यर्थी प्रश्न पुस्तिकाओं को तब तक नही खोलेंगे जब तक कि इसे खोलने के लिए न कहा जाय।
5. अभ्यर्थी को जो प्रश्न–पुस्तिका और ओ. एम.आर. उत्तर–पत्रक दिया जायेगा उसकी जांच अभ्यर्थी को सावधानीपूर्वक कर लें, यदि प्रश्न–पुस्तिका/ओ. एम.आर.उत्तर पत्रक कही से भी कटा या त्रुटिपूर्ण हो तो अभ्यर्थी को तत्काल यह प्रश्न–पुस्तिका तथा ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक

कक्ष निरीक्षक को वापस देकर नई प्रश्न–पुस्तिका प्राप्त कर लें। त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका बदले जाने की स्थिति में दूसरी नई प्रश्नपुस्तिका उसी सीरीज की दी जायेगी, जिस सीरीज की पहले वाली प्रश्न पुस्तिका थी। अभ्यर्थी को यह सुविधा परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात 10 मिनट तक प्राप्त रहेगी।

6. सहायक आचार्य सीधी भर्ती लिखित परीक्षा – 2021 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित परीक्षा है। अभ्यर्थी को अपने उत्तर हेतु ओ. एम. आर. उत्तर–पत्रक के अतिरिक्त अन्य कोई उत्तर पुस्तिका नही दी जायेगी। रफ कार्य उन सादे कागजों पर किया जायेगा जो प्रश्न–पुस्तिका के अंत में इस उद्‌देश्य से दिये गये हैं। रफ कार्य के लियें अन्य कोई कागज पृथक से अभ्यर्थियों को उपलब्ध नही कराया जायेगा।रफ कार्य किये गये सभी पेज किसी भी दशा में प्रश्न पुस्तिका से अलग नही ंकिये जायें।

7. अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में देने हैं। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रश्न पुस्तिका संख्या ओ. एम.आर. उत्तर–पत्रक में निर्धारित स्थानों पर सही प्रकार से लिखी गयी है तथा गोलों को भली–भाँती काला/नीला किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा में ओ. एम.आर. उत्तर–पत्रक पर विषय कोड भरना भी सुनिश्चित करें। ओ.एम. आर.उत्तर पत्रक पर दिये गये बाक्सेज में अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक लिखेगा तथा अनुक्रमांक के प्रत्येक अंक के नीचे दिये गये गोले को **केवल काले/नीले बालप्वाइंट पेन(Only Black/Blue ball point pen)से गहरा काला करेगा।** अभ्यर्थी को सही गोलों को भरने के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी। अन्य समस्त सूचनाएं जो ओ. एम.आर. उत्तर पत्रक में भरी जानी है, उन्हें निर्धारित स्थान में ही भरा जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा कोई भी **विभेदात्मक चिन्ह (Distinguishing Sign) जैसे रबर स्टाम्प हस्ताक्षर इत्यादि ओ0एम0आर उत्तर पत्रक के किसी भी स्थान पर नही लगाये जायें, अन्यथा उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।**

8. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में बार कोड के स्थान पर कुछ भी नही लिखा जाना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी बार कोड से छेड़ छाड़ करता है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

9. अभ्यर्थी को ओ. एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सही गोलों को केवल काले/नीले बालप्वाइंट पेन से गहरा काला/नीला करके उत्तर देना है। उत्तर एक बार गलत भरने पर इस त्रुटि में कोई सुधार संभव नही है।
10. अभ्यर्थी अपना ओ. एम.आर. उत्तर–पत्रक भरने में विशेष सावधानी बरतेंगे। यदि अभ्यर्थी कोई त्रुटि करते है तो इसके लिए वह स्वयं ही उत्तरदायी होगा।
11. परीक्षा कक्ष में यदि किसी अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के समूह द्वारा केन्द्राध्यक्ष के निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है या अनुचित साधन ( लिखा या सादा कागज, केल्कुलेटर, मोबाइल, पेजर या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग ओ. एम.आर. उत्तर पत्रक के साथ छेड़छाड़ या अन्य) का प्रयोग किया जाता है या वे इसके प्रयोग के दोषी पाये जाते हैं तो ऐसे अभ्यर्थियों की विस्तृत लिखित रिपोर्ट केन्द्राध्यक्ष द्वारा अलग से लिफाफे में सील कर परीक्षा नियंत्रक को उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थियों को शेष परीक्षा देने की सुविधा नही दी जायेगी। अनुचित साधन प्रयोग से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के ओ. एम.आर. उत्तर पत्रक और प्रश्न पुस्तिका परीक्षा समाप्ति के पश्चात एक लिफाफे में रखकर सील किया जायेगा।
12. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के पूर्व, परीक्षा के दौरान या परीक्षा के पश्चात परीक्षा केन्द्र पर अभद्र/गलत आचरण करता है तो उसे दण्डनीय माना जायेगा। उक्त कारणों से उसका अभ्यर्थन एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा।
13. **कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद परीक्षा भवन के बाहर नही जायेगा।जब तक कि परीक्षा समाप्त न हो जाये।** केन्द्राध्यक्षों, कक्ष निरीक्षकों तथा पर्यवेक्षकों को कड़ाई से इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराना होगा।
14. कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी।
15. परीक्षा में भाग लेने हेतु किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

**परीक्षा नियंत्रक**